# हिन्दी विभाग
# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
## Scheme of PhD. Programme in Hindi under CBCS System
## Objectives and Learning Outcomes of Ph.d.in Hindi

| हिन्दी विभाग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Class** | **Subject** | **Semester** | **Course Code** | **Course Title** | **Marks** | **Credit** |
| **PhD** | **हिन्दी** | **III** | **HIN-CC- 141** | **शोध प्रविधि** | **MID - 40 End Sem-60** | **04** |

**Course Objectives: -** इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत पीएचडी हिंदी में शोधरत विद्यार्थी अनुसंधान के स्वरूप ,प्रकारऔर सिद्धांतों का अध्ययन करते हुए एक व्यवथित रूप से शोध कर्म को साकार करने की प्रक्रिया को समझ पायेंगे। यह पाठ्यक्रम शोधरत विद्यार्थीयों के अध्ययन , चिंतन और लेखन की प्रक्रिया को सहज बनायेगा जिससे विद्यार्थी शोध के निर्धारित मानदंडों के अनुसार अपना कार्य सम्पन्न कर सकने में सक्षम बन सकेंगे।

**Course learning Outcomes: -** इस पाठ्यक्रम के समापन पर विद्यार्थी

**इकाई - 1** इस प्रथम इकाई में विद्यार्थी अनुसंधान के स्वरूप,सिद्धांत और उसकी विभिन्न प्रविधियों पर समाजाशास्त्रीय, ऐतिहासिक,तुलनात्मक, सांस्कृतिक तथा तुलनात्मक दृष्टि से अधययन करेंगे जिससे उनके शोध कर्म के प्रति उनमें एक स्पष्ट समझ विकसित होगी।

**इकाई -2** इस क्रम में विद्यार्थी शोध प्रक्रिया के अगले चरण में प्रवेश करते हुए शोध सामग्री के संकलन, वर्गीकरण, विश्लेषण आदि की प्रकिया को आत्मसात कर सकेंगे।

**इकाई - 3** इस इकाई अंर्तगत विद्यार्थी शोध प्रक्रिया में पाठालोचन के महत्व और स्वरूप को समझ सकेंगे साथ ही शोध से सम्बन्धित लेख,साक्षत्कार,संदर्भ आदि का प्रयोग कैसे किया जाए इसकी भी समझ उनमें विकसित होगी।

**इकाई - 4** इस भाग में विद्यार्थी शोध कर्म में सर्वेक्षण की आवश्यकता, उपयोगिता, शोध प्रबंध के प्रारूप,संदर्भ लेखन, पाद टिप्पणी आदि अन्य सूक्ष्मताओं से परिचित हो सकेंगे जो एक बेहतरीन शोध लेखन के लिये आवश्यक होती हैं।

**इकाई -5** इस क्रम में विद्यार्थी कम्प्यूटर के व्यावहारिक प्रयोग से परिचित हो सकेंगे।उनमें हिंदी टाईपिंग, पॉवर प्वाइंट प्रोजेक्ट, एम.एस ऑफिस, इंटरनेट के प्रयोग आदि की व्यावहारिक समझ विकसित होगी जो उनके शोध कर्म और लेखन दोनों में सहायक सिद्ध होगा।